हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 2025


तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री


12 देवरी और कौंदकेरा नहर में सीसी रोड निर्माण की...



14 कांग्रेसियों ने रैली निकालकर बासीन बिजली सबस्टेशन...






आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470


## समस्या : बारिश से पके हुए धान को भारी क्षति, दवाओं का नहीं हो रहा असर

# कीट प्रकोप और बेमौसम बारिश से धान की फसल पर दोहरी मार, किसान हताश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र के किसान इन दिनो धान की फसलो में तरह-तरह के कीट प्रकोप और बीमारियों के चलते बेहद परेशान हो गये है और तो और दवा का असर भी धान के कीट प्रकोप पर नहीं हो रहा है और तो और इन दिनों बेमौसम मुसलाधार बारिश हो रही है जिसके कारण पक चुके धान के खड़ी फसल गिर रहा है और उसके दाने खराब हो रहे हैं, कभी तेज धुप, उमश अचानक बारिश हर 04-06 घंटे में हो रहे मौसम परिवर्तन से धान की उत्पादकता पर गंभीर संकट पैदा कर दिया गया है। किसान अपने फसल को बचाने हर संभव प्रयास कर रहे हैं, दवाई दुकानों में भारी भींड लगी हुई है लेकिन दवाईयों का असर भी नहीं हो रहा है। किसान टीकम सिंह कपील, प्रेमसाय जगत, छबी दीवान, आलीम अंसारी, थानुराम पटेल, शेख फखरूद्दीन, यातिराम पटेल, भागीरथी पटेल ने बताया कि धान की फसल में तरह - तरह की बीमारी लग रही है, धान पर एक नई और घातक बीमारी इन दिनों देखने को मिल रहा है जिसे पेनिकल माईट कहते है, इसमें दवा का छिड़काव का असर नहीं हो रहा है, इसमें कीट इतना बारिक होता है यदि धान की बालियों पर मोबाईल के डिस्प्ले झटक दिया जाए तो बारीक कीट मोबाईल के डिस्प्ले पर दिखाई देते है यह कीट धान के बीजों को अंदर के दुध को चुक लेता है जिससे धान का दाना खाली रहा जाता है पिछले कुछ वर्षों से इस कीट का प्रकोप क्षेत्र में दुखने को मिल रहा है। वहीं ब्लॉस्ट, भुरा माहू जैसे बीमारी का भी प्रकोप देखने को मिल रहा है।



### रोकथम के लिए दवाई दी जा रही

कृषि विभाग गरियाबंद के उपसंचालक श्री राय ने बताया कि किसानों को कीट प्रकोप से बचाव के लिए लगातार कृषि विभाग द्वारा जानकारी दिया जा रहा है। गांव-गांव कृषि विभाग का अमला पहुंच रहा है। भूरा माहू के रोकथाम तथा मकडी, तनाछेडा जैसे बीमारियों के लिए लगातार दवाई दिया जा रहा है, मक्का फसल के फॉल आर्मी वार्म को भी कंट्रोल करता है।





# डुमरबहाल में चेक डेम निर्माण से किसानों को मिली राहत



### गांव में भू-जल स्तर में सुधार और निस्तारी के लिए पर्याप्त जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के ग्राम पंचायत डुमरबहाल की स्थिति जनपद पंचायत देवभोग से 12 किलोमीटर और जिला पंचायत से 142 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। गांव का क्षेत्रफल 1421.25 एकड़ और आबादी लगभग 2400 है। गांव में खेती-किसानी का रकबा पर्याप्त होने के बावजूद पानी की कमी के कारण किसान अपनी फसल का अच्छे से लाभ नहीं ले पाते थे। ग्राम सभा के माध्यम से महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत चेक डेम निर्माण की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। साथ ही बताया गया कि चेक डेम निर्माण होने से बारिश का पानी संचयित किया जा सकेगा। इस पानी का उपयोग फसल की सिंचाई में किया जा सकता है, जिससे फसल को पर्याप्त नमी मिलती है और कम वर्षा या अंतराल के दिनों में भी फसलों को सिंचित किया जा सकता है। पूर्व में गांव के आसपास के खेत बंजर थे और निस्तारी के लिए पर्याप्त जगह नहीं थी। गर्मियों के दिनों में तापमान लगभग 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता था, जिससे भू-जल स्तर में कमी आ जाती थी। इस समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत चेक डेम निर्माण के लिए आवेदन ग्राम पंचायत में जमा कराया। ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के आधार पर जिला पंचायत ने प्रशासकीय स्वीकृति दी और जनपद पंचायत ने कार्य आदेश जारी किया। तकनीकी सहायक ने खेत में 10 मीटर लंबाई, 2 मीटर चौड़ाई और 1.50 मीटर गहराई का ले-आउट तैयार किया। श्रमिकों के नियोजन के साथ निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ और कुछ ही समय में चेक डेम निर्माण कार्य पूर्ण हो गया। चेक डेम बनने से अब पानी का स्तर बढ़ गया है और निस्तारी के लिए पर्याप्त जगह भी उपलब्ध हो गई है। इससे ग्रामीण किसानों को फसल सिंचाई में सुविधा मिली और जल संरक्षण में भी सहायता हुई।

■ किसानों की पानी की समस्या का हुआ समाधान, फसल सिंचाई के लिए मिली सुविधा

## खबर संक्षेप



### शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**राजिम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से सौजन्य मुलाकात कर प्राचार्य, व्याख्याता, प्रधानपाठक मिडिल स्कूल के पदों पर शीघ्र ही पदोन्नति किए जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया और मंत्री जी को श्री राजीव लोचन भगवान की छाया चित्र भेंट किया। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से संघ के प्रांतीय प्रवक्ता एवं रायपुर संभाग के अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ,आत्माराम साहू, राजेंद्र नाग, रूपलाल साहू, अशोक मिश्रा, विकास मिश्रा, भरत यादव, मोहनीश ठाकुर, राजेश परमार, लेखराम ध्रुव, दीपक साहू शामिल थे।

### साप्ताहिक बाजार में सायबर जागरूकता कार्यक्रम



**मैनपुर।** शुक्रवार को ग्राम भैंसमुंडी साप्ताहिक बाजार में सायबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे ऑनलाइन धोखाधड़ी, अनचाहे लिंक एपीके फाईल डाउनलोड न करने, किसी भी शर्त में अपने ओटीपी शेयर न करने, अपने बैंक खातों किराए से दूसरों को न देना, साइबर अपराध होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 में फोन कर शिकायत दर्ज कराने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे महिलाओ को अभिव्यक्ति एप तथा नशा मुक्ति के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच गोरेलाल ध्रुव, उप सरपंच धनुर्धर ध्रुव, पंच सुशीला ध्रुव एवं पूर्व सरपंच दामू सोरी उपस्थित रहे।

### घर की सफाई को लेकर विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम सलिहाभांठा में घर की सफाई को लेकर उठे विवाद और मारपीट के मामले में पटेवा थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी धनेश्वर दीवानने बताया कि 7 अक्टूबर की दोपहर 1.30 बजे उसने अपने घर में तीसरे नंबर के बड़े भाई मूलचंद दीवान से कहा कि दीवाली त्यौहार आने वाला है घर की साफ सफाई करना है।

# जिले की महिलाओं ने सांझा कीं सफलता की कहानियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान योजना) के अंतर्गत प्रगति संकुल संगठन धवलपुर में गत दिवस दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत गरियाबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रखर चंद्राकर उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की नई पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक रूप से सशक्त बनाना है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत आयोजित दीदी के गोठ एक विशेष रेडियो कार्यक्रम है, जो आ का श वा णी रायपुर केंद्र सहित प्रदेश के सभी आकाशवाणी केंद्रों से एक साथ प्रसारित की जाती है। साथ ही इसकी लाइव स्ट्रीमिंग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी की गई, जिससे प्रदेश भर की महिलाएं इस कार्यक्रम से जुड़ सके। कार्यक्रम के दौरान बिहान की ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ धवलपुर में प्रगति संकुल संगठन द्वारा दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम सुना

### प्रतिबंधित प्रजाति की मछलियों के पालन पर शासन की सख्ती

**गरियाबंद।** भारत शासन द्वारा कुछ प्रजातियों की मछलियों के पालन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ मत्स्य क्षेत्र (संशोधन) अधिनियम 2015 से जारी अधिसूचना के माध्यम से प्रदेश में एक्सोटिक मांगुर एवं बिग हेड प्रजाति की मछलियों को प्रतिबंधित मत्स्य घोषित किया है। इन मछलियों के पालन, संवर्धन, आयात-निर्यात, विक्रय, परिवहन तथा विपणन को विधिवत रूप से निषिद्ध किया है। शासन ने यह निर्णय पर्यावरणीय संतुलन, देशी मछलियों की प्रजातियों के संरक्षण तथा मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया है। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्ति को 1 वर्ष का कारावास या 10 हजार रुपए का आर्थिक दंड अथवा दोनों से दंडित किया जाएगा। साथ ही इन प्रतिबंधित मछलियों के बीज एवं भंडारण को तत्काल नष्ट करने का भी प्रावधान किया गया है। मछली पालन विभाग ने स्पष्ट किया है कि इन प्रजातियों का पालन करने से न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है बल्कि देशी मछलियों के अस्तित्व पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। उन्होंने मत्स्य पालकों एवं आमजन से आग्रह किया है कि वे उक्त प्रजाति की मछलियों का पालन, विक्रय अथवा विपणन न करें और शासन के निर्देशों का पूर्णतः पालन करें।






तीन माह की जगह अब केवल एक माह का प्रशिक्षण

# आत्मरक्षा प्रशिक्षण अब सिर्फ एक महीना, माध्यमिक स्कूल वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



शिक्षा विभाग द्वारा संचालित रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का दायरा इस वर्ष सीमित कर दिया गया है। पहले जहां यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर तीन माह तक चलता था और माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाता था, वहीं अब यह प्रशिक्षण केवल एक माह के लिए और वह भी सिर्फ हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में ही संचालित किया जाएगा।विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस वर्ष माध्यमिक शालाओं में प्रशिक्षण दिए जाने को लेकर किसी प्रकार के निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। इसलिए अब विकासखंड के लगभग 135 स्कूलों में संचालित होने वाला यह प्रशिक्षण घटकर सिर्फ 35 स्कूलों तक सीमित रह जाएगा, क्योंकि क्षेत्र में उतनी ही संख्या में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल संचालित हैं।यह प्रशिक्षण विशेष रूप से छात्राओं को गुड टच-बैड टच, व्यक्तिगत सुरक्षा, आत्मरक्षा के प्राथमिक गुर, एवं संवेदनशील परिस्थितियों में आत्मसुरक्षा के उपाय सिखाने के लिए आयोजित किया जाता रहा है। प्रत्येक विद्यालय में प्रशिक्षित महिला शिक्षकों या प्रशिक्षकों द्वारा प्रति दिन एक घंटे का प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाता है। इस प्रशिक्षण से बालिकाओं को आत्मविश्वास के साथ अपनी सुरक्षा करने की कला सीखने का अवसर मिलता था।हालांकि, इस वर्ष प्रशिक्षण अवधि और विद्यालयों की संख्या ▶▶| शेष पेज 12 पर

खबर संक्षेप



## अतरमरा में सांसद खेल का शिवांगी ने किया शुभारंभ

**पाण्डुका।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अतरमरा में सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने फिता काटकर शुभारंभ किया तथा स्कूली छात्र- छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि खेल महोत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल प्रतिभा को पहचानना और उन्हें प्रोत्साहन देना है। इसका लक्ष्य अनुशासन, टीम भावना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बढ़ाना है तथा महोत्सव न केवल खेल प्रतिभाओं को सामने लाएगा, बल्कि युवाओं में फिटनेस, अनुशासन और टीम भावना को भी मजबूत करेगा। इस दौरान जनपद सदस्य दुलारी साहू, सरपंच केजा बाई सोम, टीकम सिन्हा, जगत सिन्हा, हेमलता साहू, माखन साहू, सहित स्कूल के समस्त शिक्षक गण छात्र छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रदेश अध्यक्ष टिकरिहा का शिवांगी ने किया स्वागत



**पाण्डुका।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के नियुक्ति पश्चात गरियाबंद जिले में प्रथम आगमन के दौरान पाण्डुका चारोधाम चौक पर जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उत्साह और गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान युवा मोर्चा द्वारा रैली निकालकर जगह जगह उनका भव्य सुस्वागत किया गया तथा देर शाम तक स्वागत का क्रम चलते रहा। प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, महामंत्री चन्द्रशेखर साहू, योगीराज कश्यप, विरेन्द्र कुमार साहू, दीपक साहू, पंकज निर्मलकर, हरीश साहू, गुलशन सिन्हा, टीकम साहू, रवि साहू, सोमन यदु, रमन रामदेव, दुलारी साहू, स्निग्धा शर्मा, कन्हैया चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बेलर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन कल

**छुईहा बेलर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक मंडल बेलर, खंड की श्री विजयादशमी उत्सव के उपलक्ष्य में पथ संचलन का कार्यक्रम रविवार को रखा गया है। आयोजन व्यवस्था से जुड़े केश राम सेन कहा अपने हिन्दू समाज में पौरूष तथा शक्ति का जागरण श्री विजयादशमी के पावन पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का 100 वर्ष पूर्ण होने जा रहे है। विश्व शांति और मानव काल्याण का उद्देश्य लेकर सदियों से हिन्दू समाज की चल रही प्रदीर्घ यात्रा का ही यह सांप्रत रूप है। इस भाव को सार्थक करने के लिए श्री विजयादशमी पथ संचलन ग्राम बेलर बजरंग चौक में रविवार को आयोजित किया गया है। जिसमें बेलर खंड एवं फिंगेश्वर मंडल के सभी संघ परिवार उपस्थित होगें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पं. त्रिभुवन मिश्रा (भगवताचार्य बारूला) मुख्य वक्ता श्यामसुन्दर साहू (जिला बौध्दिक प्रमुख), बेलर ग्राम विकास समिति अध्यक्ष खोमन साहू, सालिक साहू, बलराम साहू (मण्डल कार्यवाह), भागवत साहू, केशकुमार सेन खण्ड कार्यवाह पुजारी यादव, तुलाराम साहू, शामिल होगें।

निधन

## मनोज वर्मा



**राजिम।** बरोंडा निवासी मनोज वर्मा उम्र 48 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

### सीईओ ने आदेश को बताया अवैध, कहा- ग्राम पंचायत को नहीं है राशन रोकने का अधिकार होगी कार्यवाही

# सचिव का फरमान, टैक्स नहीं भरा तो नहीं मिलेगा राशन, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर


गरियाबंद जिले के विकासखंड मुख्यालय ग्राम पंचायत मैनपुरखूर्द में पंचायत सचिव के एक आदेश ने हड़कंप मचा दिया है। ग्राम पंचायत सचिव ने सहकारी सोसायटी के सेल्समैन को बकायदा लेटर पैड पर फरमान जारी किया कि जिन हितग्राहियों ने नल, जल, प्रकाश कर, संपत्ति कर और अन्य कर नहीं चुकाए हैं, उन्हें राशन सामग्री (चावल, शक्कर, चना और नमक) न दी जाए। गरीबों का राशन रोके जाने के बाद यह मामला तुरंत तूल पकड़ने लगा है। दीपावली त्यौहार से ठीक पहले राशन न मिलने से पंचायत क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

मामले की शिकायत जब जनपद पंचायत मैनपुर सीईओ श्वेता वर्मा के पास पहुंची, तो उन्होंने तत्काल इस आदेश को अवैध घोषित किया। सीईओ वर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ग्राम पंचायत को राशन पर रोक लगाने का अधिकार नहीं है। खाद्य अधिनियम के तहत किसी को भी राशन से वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने शिकायत पर आगे की कार्यवाही करने की बात कही और लोगों को आश्वस्त किया कि सभी को राशन मिलेगा।

**मूलभूत सुविधाओं की कमी से नागरिक नाराज-** नगरवासी सचिव के इस फरमान का विरोध करते हुए कह रहे हैं कि टैक्स वसूली से पहले मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मैनपुरखूर्द, जो तहसील मुख्यालय है और जिसमें दो आश्रित ग्राम अचानपुर और नदीपारा शामिल हैं, पिछले 8-10 वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है।

**दबाव में जारी किया आदेश : सचिव-** पूछे जाने पर ग्राम पंचायत सचिव संजय नंदलाल ने बताया कि उन्होंने सरपंच और अन्य पंचायत प्रतिनिधियों के कहने पर ही यह आदेश जारी किया है, साथ ही टैक्स वसूली के लिए ऊपर से दबाव है। यह लेटर पैड व्हाट्सएप ग्रुप और अन्य माध्यमों से तेजी से फैलने के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। गरीब परिवारों और बुजुर्ग महिलाओं ने कलेक्टर भगवान सिंह उईके से तत्काल मामले पर कार्यवाही करने और टैक्स भरने के लिए कुछ समय देने की मांग की है।





### नगरवासियों का आरोप

**स्ट्रीट लाइट बंदः** पिछले 8-10 वर्षों से स्ट्रीट लाइट बंद हैं, शाम होते ही नगर में अंधेरा छा जाता है।

**गंदगी का अंबारः** चौक-चौराहे, गली-मोहल्लों और यहाँ तक कि तालाब तक में कचरे और गंदगी का ढेर लगा हुआ है।

**खराब सड़कें और पेयजलः** मैनपुर से अचानपुर मार्ग कीचड़ और दलदल से भरा है, जहाँ दुर्घटनाएँ हो रही हैं, और घरों में पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध नहीं है। लोगों का कहना है कि जब पंचायत 8-10 वर्षों से मूलभूत सुविधाएं नहीं दे पाई है, तो इस आधार पर नल, जल, प्रकाश कर वसूलना गलत है और त्यौहार के समय राशन सामग्री रोकना तो और भी गलत है।

# देवरी और कौंदकेरा नहर में सीसी रोड निर्माण की मांग

### ग्रामीणों ने विधायक साहू को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

समीप पथ क्षेत्र के ग्राम देवरी के सरिता साहू, सरपंच सुरेन्द्र कुमार साहू, उपसरपंच पूर्व सरपंच भागवत राम साहू, रामबिहारी साहू, तुलस राम घिरितलहरे सहित किसानों ने गुरुवार को राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर ग्राम देवरी के खार में नहर नाली पर सीसी रोड निर्माण की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। आगे कहां की ग्राम कौनद्केरा को भी जोड़ता है जिस पर रोजाना गांव के किसानों के द्वारा खेती-बाड़ी का कार्य करने इसी मार्ग से होगी जाना पड़ता है। मार्ग काफी दलदल और खराब होने के चलते किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विगत कई वर्षों से लोग धान की बोरी व खातू लेकर जब चलते हैं तो रोड खराब होने के कारण फिसल कर गिर जाते हैं जिससे लोगों को काफी दिक्कत और परेशानी होती है। लाडले विधायक रोहित साहू से मांग करते हैं कि नाहर नाली बी पर आठ सौ मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान किया जाए जिससे किसानों को राहत मिलेगी। विधायक रोहित साहू ने जल्द से जल्द कार्य पूरा होने की आश्वासन दिया है।



## मेज़बान टीम ने जीता खिताब, अंधोरा उपविजेता

**गरियाबंद।** ग्राम कोड़ोहरदी में गोंडवाना क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फाइनल मैच में गोंडवाना क्रिकेट क्लब कोड़ोहरदी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सूर्य उदय क्रिकेट टीम अन्दोरा द्वितीय स्थान पर रही। विजेता टीम को 20,021 एवं उपविजेता टीम को 10,000 की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्री राकेश मुर्रा एवं ग्राम पंचायत दशपुर के सरपंच श्री नरेंद्र कुमार ध्रुव रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह के खेल आयोजन से युवाओं में खेल भावना और आपसी एकता को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर ग्राम के प्रमुख नागरिक फलेन्द्र देवांगन, महेश ध्रुव, गोविंदराम ध्रुव, देवलाल ध्रुव, मुंशी जांगड़े, डामेश काशी, दिनेश कश्यप, मोहन ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। आयोजन समिति में उमेंद्र ध्रुव, तोमर ध्रुव, धर्मेंद्र ध्रुव, अजय ध्रुव, हरिश्चंद्र ध्रुव, सुमन ध्रुव सहित कई युवा सदस्य सक्रिय रूप से सहयोगी रहे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर सभी सदस्यों की सराहना की गई और विजेता टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# जीएसटी कटौती से स्वदेशी मॉडल को मिला बल : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

- जामगांव में हुआ आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी रिफॉर्म्स कार्यशाला

जिला भाजपा कार्यालय गरियाबंद के तत्वावधान में भाजपा मंडल फिंगेश्वर के मार्गदर्शन में गुरुवार को ग्राम जामगांव में 'जिला स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' एवं 'जीएसटी रिफॉर्म्स कार्यशाला' का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सनम जांगड़े रहीं। उन्होंने जीएसटी में कमी को आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरें कम होने से यह अभियान स्वदेशी मॉडल पर आधारित होगा।



जांगड़े ने ज़ोर देते हुए कहा, जीएसटी की दरें कम होने तथा नियम और प्रक्रियाएं आसान बनने से लघु एवं कुटीर उद्योगों को लाभ होगा। बिक्री बढ़ेगी और टैक्स कम देना होगा। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान स्वदेशी के जिस मॉडल पर आधारित होगा, वही आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करेगा। उन्होंने नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने और स्थानीय उद्योगों को नई ऊँचाई देने का आह्वान किया।

**महंगाई नियंत्रण और अर्थव्यवस्था को मजबूती-** भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चन्द्राकार ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म का लाभ प्रदेश एवं देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के साथ ही महंगाई को न्यूनतम स्तर पर लाने में सहायक होगा। पूर्व विधायक राजिम संतोष उपाध्याय, जिला मोर्चा अध्यक्ष चन्द्रशेखर सोनवानी और मंडल अध्यक्ष मंजुलता हरित ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इन सभी वक्ताओं ने सितंबर से लागू जीएसटी दरों की कटौती को जीएसटी बचत उत्सव' बताया। उनका सामूहिक मत था कि इन रिफॉर्म्स से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग सभी को फायदा होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति नंदनी ढीढी, वरिष्ठ भाजपा नेता रामु राम साहू, महामंत्री कोमल ढीढी, चैनसिंग, सरपंच रेणूका डहरे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, व्यापारी, लघु व्यवसायी, तथा किसान उपस्थित रहे।

# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

- आईएसबीएम विश्वविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम आयोजन

आईएसबीएम युनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस, फार्मेसी विभाग के द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में 51 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रथम वक्ता नैदानिक मनोविज्ञानी जयसूर्या पटेल ने विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से मन को कैसे स्वस्थ्य रखें आज के समय में योग, मेडिटेशन, त्राटक को जिंदगी का हिस्सा बनाने पर प्रकाश डाला गया। द्वितीय विशिष्ट वक्ता नैदानिक मनोविज्ञानी उमेश कुमार साहू ने मानसिक स्वास्थ्य के उपचार के बारे में विभिन्न उदाहरण के माध्यम से बताया गया और सभी विद्यार्थी एवं कर्मचारियों को 5 मिनट का मेडिटेशन कराया व सभी विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर दिया गया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. सुभाषित विश्वास ने बताया कि आज के भागम भाग भरी जिंदगी में सभी विद्यार्थियों में धैर्य की कमी देखने को मिल रहा है। जिसके कारण विचार जल्द ही विचलित हो रहे हैं। स्कूल आफ साइंसेज के अधिष्ठाता डॉक्टर पी विश्वनाथन ने बताया की शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी ध्यान में रखना है क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। फैकल्टी आफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेज के विभाग प्रमुख युगल किशोर राजपूत ने बताया कि फिजिकल के साथ-साथ मेंटल हेल्थ को भी इंप्रूव करने की जरूरत है तभी हम अपनी बुद्धि का अधिकतम प्रयोग कर सकते है। कार्यक्रम का मंच संचालन डाली यदु के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के समन्वयक विकास कुमार साहू के द्वारा आभार व्यक्त एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।



### कार्यक्रम में ये रहे शामिल

हमारे इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रमुखतः रूप से फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, डॉ. ओमप्रकाश साहू, सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ. एनके स्वामी सभी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दिया गया एवं आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाएगा।

## पर्यवेक्षक रेहाना रियाज चिश्ती मैनपुर में आज लेंगी कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस जिलाध्यक्ष का चयन किया जाना है जिसके लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा सभी जिलों के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है, गरियाबंद जिले के प्रभारी रेहाना रियाज चिश्ती संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत 11 अक्टूबर दिन शनिवार को मैनपुर पहुचेंगे और इस दौरान वन विभाग विश्राम गृह में दोपहर 12 बजे से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव महामंत्री गेंदु यादव ने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस परिवेक्षक रेहान रियाज चिश्ती एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त परिवेक्षक शिव



डहरिया 11 अक्टुबर दिन शनिवार को मैनपुर पहुचेंगे। इस दौरान वन विभाग विश्राम गृह में कार्यकर्ताओ की बैठक लेंगे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव महामंत्री गेंदु यादव ने सभी ब्लॉक कांग्रेस के बुथ, अध्यक्ष सेक्टर, मंडल के साथ वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयुआई, आदिवासी कांग्रेस पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के साथ सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### पेज 11 के शेष...

## जिले की महिलाओं ने...

दीदियों ने अपनी संघर्ष, आत्मविश्वास और सफलता की प्रेरणादायी कहानियाँ साझा कीं। इन कहानियों के माध्यम से यह बताया गया कि कैसे स्व-सहायता समूहों की महिलाएँ बिहान योजना से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनीं और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हुईं। आज छत्तीसगढ़ की हजारों महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं और समाज में एक नई पहचान बना रही हैं। दीदी के गोठ कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ना, उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करना है। यह कार्यक्रम न केवल जानकारी का माध्यम है बल्कि महिलाओं के अनुभवों, संघर्षों और सफलताओं को समाज के सामने लाने का एक सशक्त मंच भी है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, स्थानीय समुदाय, स्व-सहायता समूह की दीदियां एवं बिहान से जुड़े अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर ''जिला पंचायत गरियाबंद से डीपीएम पतंजल मिश्रा, रमेश वर्मा, बीपीएम प्रफुल्ल देवांगन, क्षेत्रीय समन्वयक दुर्गेश प्रसाद साहू, पीआरपी तेज साहू सहित संकुल पदाधिकारी एवं समस्त संकुल केडर उपस्थित रहे।

## आत्मरक्षा प्रशिक्षण अब...

में कटौती ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय शिक्षकों और अभिभावकों का कहना है कि शासन द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की बात तो की जाती है, लेकिन प्रशिक्षण जैसी उपयोगी योजनाओं में कटौती इस दावे पर सवाल खड़ा करती है। कुछ लोगों का कहना है कि संभवतः शासन की ओर से फंड की कमी को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, किंतु इससे माध्यमिक विद्यालयों की छात्राएं वंचित हो रही हैं, जो आयु की दृष्टि से आत्मरक्षा सीखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण वर्ग है।

**प्रशिक्षण से बढ़ता है आत्मविश्वास-** इस संबंध में डीएमसी शिवेश मिश्रा ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण एक अच्छा और उपयोगी कार्यक्रम है, जिससे बालिकाओं को आत्मसुरक्षा की जानकारी और आत्मविश्वास प्राप्त होता है। किंतु इस वर्ष अभी तक उच्च कार्यालय से केवल हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रशिक्षण संचालन के ही निर्देश प्राप्त हुए हैं। यदि आगे माध्यमिक शालाओं के लिए निर्देश प्राप्त होते हैं, तो वहां भी प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। अब देखना यह होगा कि शासन आने वाले दिनों में इस निर्णय पर पुनर्विचार करता है या नहीं, क्योंकि यह कार्यक्रम न केवल आत्मरक्षा का प्रशिक्षण है, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा भावना को बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास भी है।

# बेलटुकरी स्कूल में हुआ सामाजिक अंकेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बेलटुकरी में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण संपन्न हुआ। दल प्रभारी रामनारायण मिश्रा ने विद्यार्थियों से निर्धारित प्रारूप में



अंकित बिंदुओं पर सभी विषयों पर सवाल किया तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बच्चों से अनेक प्रश्न पूछे। बच्चों ने सही-सही जवाब दिया। इस अवसर पर दीनदयाल साहू, रेखू साहू ,जीतेश्वरी श्रीवास स्कूल स्टॉफ मौजूद थे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष




प्रतिक्षा कक्ष


परामर्श कक्ष


पूजा स्थान

## 15 वर्षों से आपकी सेवा में






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-**

*व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,*
*शादी के लिए माता-पिता को मनाना*

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567**

## खबर संक्षेप



### भाजयुमो अध्यक्ष का नवकार स्कूल चौक में हुआ स्वागत

**नवापारा-राजिम।** शुक्रवार को भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगीराज टिकरिहा का स्वागत शहर के नवकार स्कूल चौक में युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन के नेतृत्व में गाजे-बाजे व फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत के बाद श्री टिकरिहा, श्री देवांगन के निवास पहुंचे। निवास में नगर व विभिन्न ग्रामों से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने फुल माला पहनाकर स्वागत किया। बता दें कि श्री टिकरिहा और श्री देवांगन एक लंबे समय से भाजयुमो में एक साथ काम करते चले आ रहे है।

### भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष का नवापारा में भव्य स्वागत



**नवापारा-राजिम।** शुक्रवार को शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का जबर्दस्त स्वागत हुआ। स्वागत करने वालो में प्रमुख रूप से नवापारा भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, संजय साहू, परदेशी साहू, चेतन साहू, सिंटू जैन, संजीव सोनी, कैलाश तिवारी, धीरज साहू, मनीष चौधरी, राजू रजक, अनुज राजपूत, अंकित मेघवानी, जागेश्वर यादव, सचिन सचदेव, बब्बू, अमित साहू, देव साहू, अग्नि यादव, टुर्केंद्र साहू, थानेंद्र साहू, सनत चक्रधारी, युवराज यादव, खुशवंत ठाकुर, राहुल साहू, ऐश्वर्य गोयल, प्रतीक शर्मा, मुकेश निषाद शामिल थे। श्री टिकरिहा चौक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा में माल्यार्पण किया।

### प्रधानपाठक ने जन्मदिन पर कराया न्यौता भोज



**नवापारा-राजिम।** शासकीय बालक प्राथमिक शाला बढ़ईपारा में प्रधानपाठक सह संकुल समन्वयक गौकरण गिलहरे द्वारा अपनी पुत्री कुमारी चेतना गिलहरे एवं पुत्र चैतन्य गिलहरे के जन्मदिवस एवं बच्चों के एनआईटी एवं नवोदय परीक्षा में चयन होने पर न्योता भोज कराया। भोज में खीर, पकोड़ा, छोले की सब्जी परोसा गया। शाला परिवार की ओर से दोनों बच्चों के जन्मदिन की मंगलमय शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधानपाठक गौकरण गिलहरे, राजेंद्र कुमार, ओमप्रकाश साहू, तोमेश्वरी जोशी, लोकेश धृतलहरे, राजेश सोनी, दीपक साहू, वाणी, उपासना साहू उपस्थित थे।

## प्रदर्शन : कहा- बिजली बिल के नाम पर जनता को लूटने का कर रही काम

# कांग्रेसियों ने रैली निकालकर बासीन बिजली सबस्टेशन का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

बुधवार को राज्य के भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली योजना को बंद करने के बाद लगातार बिजली बिल में बढ़ौत्तरी से आम जनता त्रस्त हो चूके है जिसके विरोध में शुक्रवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी फिंगेश्वर द्वारा ग्राम पंचायत बासीन में जंगी रैली निकाली गई यह रैली बस स्टैंड से नारेबाजी करते बिजली सब स्टेशन पहुंची। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से पुलिस के बल बड़ी संख्या में सब स्टेशन के चारो तरफ तैनात किए गए थे। कांग्रेसी कार्यकर्ता और नेता पुलिस के बेरीकेट को तोड़ते हुए सब स्टेशन के गेट पर ताला लगा कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे।इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने अपने साथ बिजली बिल भी लेकर पहुंचे थे और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तत्काल हाफ बिजली योजना को प्रारंभ करने की मांग किया गया। इस दौरान प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू ने कहा की छत्तीसगढ़ में जब से भाजपा की सरकार बनी है प्रदेश के आम जनता परेशान हो गई है। विष्णुदेव साय सरकार बिजली बिल के नाम पर जनता को लुटने का कार्य कर रही है। 54 हजार उपभोक्ता क्षेत्र में परेशान है। आज इस सरकार में आम जनता की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। युवा कांग्रेस नेता रेवा ओगरे ने कहा की भाजपा की डबल इंजन सरकार प्रदेश में हर मोर्चे पर फेल साबित हुई है। महतारी वंदन योजना में 1000 देकर विष्णुदेव की सरकार बिजली बिल की माध्यम से कई गुना ज्यादा वसूली कर रही है। इस महिने से बिजली बिल से जनता में त्रही-त्रही मची हुई है। श्री ओगरे ने कहा की आगे कांग्रेस द्वारा और उग्र आन्दोलन किया जायेगा। ब्लाक कांग्रेस मीडिया प्रभारी टिकेश साहू ने कहा की कांग्रेस के भूपेश बघेल सरकार प्रदेश भर में बिजली बिल हाफ छुट की योजना शुरू की थी यह योजना हर वर्ग अमीर गरीब सबके लिए लागू की गई थी लेकिन भाजपा सरकार बिजली बिल में जनता को परेशान कर दिया है। जनता में हाहाकार मचा हुआ हैं। कांग्रेसी नेता डेकेश्वर ने कहा की बढ़े हुए बिजली बिल के कारण प्रदेश की जनता में सरकार के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है छत्तीसगढ़ प्रदेश सरप्लस बिजली वाला राज्य होने के बावजूद सरकार द्वारा जन विरोधी निर्णय से जनता में आक्रोश देखा जा रहा है।



### ये रहे शामिल

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू रेवा ओगरे, डीकेश्वर ठाकुर, सुनील तिवारी, पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू, जनपद सभापति डॉक्टर दिलीप साहू, ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी टिकेश साहू, पूर्व सरपंच सुन्दर साहू, डोंगर सिंह मरकाम, पूर्व सरपंच कोपरा योगेश्वरी साहू, पूर्व सरपंच कोमा भुवनेश्वरी बंजारे, देवानंद साहू, होरीलाल वर्मा, वीरेन्द्र साहू, प्रकाश चंदनिया, मोतीलाल साहू,रमेश साहू, आशा राम तोंडे, सुदामा वर्मा, धरम वर्मा, बुदेश साहू, एवन दास पुर्रे, पिंकू राट्रे, भोज राम साहू, नारद साहू, खेवन साहू, कूंज लाल साहू, पुरुषोत्तम बंजारे, योगेश यादव, उमेश्वर साहू, कृपा राम साहू, लेखराम सेन, इंदल निर्मलकर, दीपक मेहर, राहुल अंगारे, एवन दास वैष्णव, नेहरू साहू, लेखराम साहू, सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले में अंतर संकुल स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत गरियाबंद जिले में खेल भावना और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को गरियाबंद जिले में अंतर संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। जिलेभर के विद्यालयों/महाविद्यालयों एवं ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं/खिलाड़ी विभिन्न खेलों में भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिले के विभागीय अधिकारियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों और खेल प्रशिक्षकों की उपस्थिति में हुआ। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत सामूहिक खेल में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल खेलों में आयुवर्ग 14 से 19 एवं 19 से 24 वर्ष आयु समूह में प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। इस क्रम में एक खेल में एथलेटिक्स 100मी., 400मी. दौड़, लम्बीकूद, उँचीकूद, गोला फेंक, भाला फेंक, बैडमिंटन एवं गेड़ी दौड़ खेलों में आयुवर्ग 14 से 19 एवं 19 से 24 वर्ष आयु समूह में प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया। प्रत्येक अंतर संकुल स्तर पर चयनित विजेता खिलाड़ी/टीमें आगे 10 चयनित संकुलों में 14 अक्टूबर 2025 से आयोजित संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। साथ ही संकुल स्तर पर विजेता खिलाड़ी/टीमें जिले के दोनों विधानसभा में आयोजित होने वाली विधानसभा स्तरीय खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को मंच प्रदान कर उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर भागीदारी हेतु प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों को खेल के साथ अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव" युवा प्रतिभाओं को पहचान देने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

## रजत जयंती वर्ष में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर हुआ विशेष योगाभ्यास

# ट्रेनी छात्रों ने जाना मानसिक रोगों से मुक्ति का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

आयुष संचालनालय रायपुर के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. प्रवीन चंद्राकर के मार्गदर्शन में आज दिनांक 10 अक्टूबर 2025 को लाइवलीहुड कॉलेज डोंगरीगांव में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस एवं आयुष विभाग के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी फील्ड के ट्रेनी छात्र-छात्राओं को मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व से अवगत कराया गया। आयुष योगा वेलनेस सेंटर गरियाबंद की डॉ. शिखा कुरेटी ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को सूर्यनमस्कार, ध्यान, प्राणायाम और विभिन्न योगासन का अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से तनाव, अवसाद, घबराहट जैसी मानसिक समस्याओं से मुक्ति मिलती है। इस अवसर पर बायोक्लॉक और मानसिक रोगों जैसे स्ट्रेस, डिप्रेशन, एंजाइटी, ओसीडी और बाइपोलर डिसऑर्डर से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी ट्रेनी छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम में आयुष विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं एवं कॉलेज स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। आयोजन का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देना रहा।



## ग्राम रसेला में हाईस्कूल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का हुआ आयोजन

# सांसद खेल महोत्सव, रसेला में तीन हाईस्कूलों के छात्रों ने दिखाया उत्साह





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला में शुक्रवार को हाईस्कूल रसेला, रूवाड और कोठी गांव हाईस्कूल के छात्र- छात्राओं के द्वारा सांसद खेल महोत्सव पर आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर सहकारिता सभापति, अध्यक्षता रसेला हाईस्कूल के प्रार्चाय सुधीर मिश्रा, विशेष अतिथि के रूप में प्रार्चाय उमेद साहू, उपसरपंच परमेश्वर यादव, संकुल समन्वयक त्रिलोक ध्रुव, रूवाड के प्रार्चाय रेशम कोसले, शिशुपाल कुर्रे, गजानंद साहू सहित आमंत्रित अतिथिगण एवं शिक्षकगण मंच पर विराजमान थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। सभी अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत किये। सभी स्कूलों के छात्र छात्राओं को खेल भावना से खेलने के लिए शपथ दिलाई गई। खेल की शुभारंभ 100 मीटर दौड़ से किया गया। युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने तथा पारंपरिक एवं परंपरागत खेलो को संरक्षित करने के उद्देश्य से भारत सरकार के युवा खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कबड्डी, खो खो, गोला फेंक, लम्बी कूद, ऊंची कूद, भाला फेंक,100 और 400 मीटर दौड़ का प्रतियोगिताएं का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर ग्रामीण स्तर की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य सुधीर मिश्रा ने कहा कि इस खेल का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, युवाओं को खेलो के प्रति प्रेरित करना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहन देना है। इस दौरान योगेश्वर कंवर, संजय कुमार डोंगरे, गेंद राम खूंटे, कुंजल सिंह जगत, देवेन्द्र सिन्हा, किरण खलखो, रमेश साहू,नविन साहू, ऊषा देवांगन, ओमकुमारी साहू, योगिता साहू सहित तीनों हाईस्कूल के सभी शिक्षकगण का विशेष योगदान रहा।

# शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने माध्यमिक शाला मुड़तराई में हुआ सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुड़तराई मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसमें अंकेक्षण दल के रूप में रमेश साहू उपस्थित हुए साथ ही साथ बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक तथा पालकगण भी सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में अंकेक्षण टीम द्वारा शासन द्वारा निर्देशित विभिन्न बिंदुओं पर विद्यार्थियों के शैक्षिक बौद्धिक स्तर, विद्यालय के भौतिक संसाधनों, व्यवस्था, सुविधा आदि पर मूल्यांकन किया गया। अभियान का उद्देश्य विद्यालयों में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। अंकेक्षण के प्रमुख बिंदु अंकेक्षण के दौरान प्रत्येक विद्यालय का मूल्यांकन विभिन्न संकेतकों के आधार पर किया जाएगा। इनमें विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियां एवं सीखने का स्तरशिक्षण प्रक्रिया और कक्षा कक्ष की गुणवत्ता आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता शिक्षक की उपस्थिति एवं उत्तरदायित्व समुदाय और अभिभावकों की सहभागिता इन बिंदुओं पर प्राप्त आंकड़ों के आधार पर विद्यालयों को कमजोर, औसत तथा अच्छे श्रेणी में ग्रेडिंग दी जाएगी। जो विद्यालय अपेक्षित गुणवत्ता से नीचे पाए जाएंगे, उनके सुधार के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर अमल किया जाएगा। विभागीय एवं सामुदायिक सहभागिता इस अभियान में केवल शिक्षा विभाग ही नहीं, बल्कि अन्य विभागों के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, एवं समुदाय के सदस्य भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। इससे अंकेक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी एवं समाज की भागीदारी सुनिश्चित होगी। इस दौरान शिक्षकगण आशा राम साहू, द्विज राम जांगड़े, रूपेश वर्मा विरेन्द्र साहू सहित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य लक्ष्मण साहू, हुलास राम साहू तथा पालक गण उपस्थित रहे।



# रामकुमार ने किया पदभार ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शुक्रवार को साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू की मौजूदगी में नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामकुमार साहू ने नगर साहू संघ का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान अध्यक्ष भवानीशंकर साहू तथा समाज के पदाधिकारियो ने गमछा एवं श्रीफल भेंट कर बैठक कार्रवाई पंजी आय-व्यय रजिस्टर एवं आवश्यक बही खाता तथा चल अचल संपत्ति का विवरण नए अध्यक्ष को सौंपा। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष भोले साहू ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामकुमार साहू के सिर पर पगड़ी बांधकर सम्मान किया। कार्यक्रम में राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, पूर्व अध्यक्ष डॉ. महेंद्र साहू, संरक्षक भोले साहू, सलाहकार किशन साहू, श्याम साहू, वेदराम साहू, चोवा साहू, झाड़ू साहू ,देवलाल साहू, रामप्रसाद साहू, ईश्वरी साहू, ललित साहू, गजानन साहू, हरिनाथ साहू, संजय साहू, लीलाराम साहू, उपाध्यक्ष संतोष साहू, उमा साहू, भागवत साहू, दावना साहू, रामबाई साहू, शांति साहू, मनीषा साहू, बृजकुमारी साहू, लक्ष्मी साहू, विष्णु साहू, तरुण साहू, हरिनाथ साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

## बारिश के कारण मैच रविवार को

# जिला पुलिस वॉलीबॉल, फाइनल में ई-30 पैंथर और मैनपुर डिविजन की टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

खेल के प्रति उत्साह और पुलिस बल में आपसी सौहार्द बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित गरियाबंद पुलिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुक्रवार को जोश और रोमांच से भरपूर रही। प्रतियोगिता में आज हुए रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए ई-30 पैंथर और मैनपुर डिवीजन की टीमें फाइनल में पहुंच गईं। पहले सेमीफाइनल में कप्तान रवि सिन्हा की अगुवाई में मैनपुर डिवीजन ने सीआरपीएफ बिन्द्रनवागढ़ को कड़े संघर्ष में हराया। बेस्ट ऑफ 5 सेट के इस मुकाबले में मैनपुर डिवीजन ने तीन सेट जीतकर निर्णायक बढ़त बनाई, जबकि बाकी दो सेटों में जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। दूसरे सेमीफ़ाइनल में मनोज भगत की कप्तानी में ई-30 पैंथर ने शानदार खेल दिखाते हुए ई-30 फाइटर को हराकर फाइनल में जगह बनाई। हालांकि बारिश के चलते फाइनल मुकाबला स्थगित कर दिया गया है, अब रोमांचक फाइनल रविवार को खेला जाएगा, जिसका बेसब्री से इंतज़ार खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों को है।







### खिलाड़ियों को मंच और अवसर मिल रहा

प्रतियोगिता में पुलिस विभाग की कुल 9 टीमें वारियर, हंटर, तेजस, फाइटर, एसटीएफ, सीएफ, मैनपुर और नवागढ़ शामिल हैं। आज के मैचों में दर्शकों का उत्साह देखने लायक रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे एसडीओ पी. गोपाल वैश्य, थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव, कान्हा क्लब के कोच जीडी उपासने, पार्षद छगन यादव विजय कश्यप और प्रहलाद यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस प्रतियोगिता की पहल पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने की है, जो न केवल अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित अधिकारी हैं, बल्कि खेलों के प्रति गहरी रुचि रखते हैं। उनके निर्देशन में यह आयोजन न सिर्फ़ फिटनेस और टीम भावना को मजबूत कर रहा है, बल्कि पुलिस जवानों में नई ऊर्जा भी भर रहा है। जवानों ने बताया कि एसपी राखेचा हमेशा से ही खेलों को प्रोत्साहित करते रहे हैं, और उनके नेतृत्व में विभागीय खिलाड़ियों को लगातार मंच और अवसर मिल रहे हैं। अब रविवार को होने वाले फाइनल मैच का रोमांच अपने चरम पर होगा पूरे जिले की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि आखिर कौन बनेगा गरियाबंद पुलिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता का चैंपियन।

